भोपाल में 50 सेंटर में यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा, पुलिस और स्टॉफ ने परीक्षा केंद्र के गेट के बाहर ही रखवाई प्रतिबंधित वस्तुएं

डेढ़ घंटे पहले पहुंचे, सुबह 8 बजे से ही लगी अभ्यर्थियों की भीड़

सच प्रतिनिधि || भोपाल

यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) प्रीलिम्स परीक्षा शुरू हो गई है। राजधानी भोपाल में 50 केंद्र बनाए गए हैं। सुबह से ही सेंटरों पर लाइन देखी गई। अभ्यर्थी डेढ़ घंटा पहले सेंटरों पर पहुंचे। परीक्षा केंद्र के एंट्री गेट पर सख्त जांच के बाद एंट्री दी गई। दरसअल भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में आज यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। ऑफलाइन मोड में यह परीक्षा दो शिफ्ट में हो रही है। भोपाल में 50 सेंटर्स बनाए गए हैं। इंदौर में 36 परीक्षा केंद्र, ग्वालियर में 30 केंद्रों पर 8509 अभ्यर्थी एग्जाम में शामिल होंगे।

8 बजे से ही पहुंच गए अभ्यर्थी

इस परीक्षा के लिए 9 बजे से पहले अभ्यर्थियों को सेंटर पहुंचना था,लेकिन भोपाल में कई सेंटरों में सुबह 8 बजे से ही अभ्यर्थियों की भीड़ देखी गई। साथ ही डॉक्यूमेंट पर कैंडिडेट की फोटो आदि की सघन चेकिंग हुई।

परीक्षा केंद्र में ये चीज प्रतिबंधित

परीक्षा केंद्र में बैग, बॉक्स, गले की चैन, मंगलसूत्र, रवाना, मोबाइल, स्मार्टवॉच ले जाना अलाउड नहीं है। पुलिस और प्रशासन का स्टाफ परीक्षा केंद्र गेट के बाहर ही प्रतिबंधित वस्तुएं रखवा रहा है। सरकार की बिजली विभाग को हिदायत दी है कि परीक्षा केंद्रों पर बिजली आपूर्ति बाधित न हो। पिछली बार बिजली गुल होने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा था।

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या

शहर	अभ्यर्थी
भोपाल	15944
इंदौर	14,692
ग्वालियर	8509

शराब की होम डिलेवरी करने वालों पर कसा आबकारी विभाग का शिकंजा

वाहन जब्त, जाएंगे जेल, आबकारी विभाग मुखबिर की सूचना पर घर में घुसकर भी कर रहा है कार्रवाई

कल रात फिर कई ढाबा, रेस्टोरेंट व होटलों पर ताबड़तोड़ छापे, संचालक और मालिकों पर प्रकरण दर्ज

सच प्रतिनिधि || भोपाल

भोपाल कलेक्टर कोशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर अवैध शराब के परिवहन, विक्रय और होटल, रेस्टोरेंट व ढाबों में मदिरापान कराने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। कल देर रात तक आबकारी अमले ने अलग-अलग क्षेत्रों में टीम बनाकर होटल, ढाबा व रेस्टोरेंट संचालकों पर जहां एक ओर कार्रवाई की वहीं कल पहली बार होम डिलेवरी करने वाले लोगों को भी दबोचा गया।

आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ के नेतृत्व में आबकारी अमला मुस्तैदी से पूरे जिले में तैनात है। श्री धाकड़ ने बताया कि घरों में अवैध रूप से शराब पहुंचाने वालों को दबोचा जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर कल रात पिपलाने क्षेत्र में नितिन रैकवार नामक व्यक्ति को पकड़ा गया। नितिन टाटा अल्ट्रोज वाहन में एक पेटी देशी मदिर लेकर जा रहा था। इसी प्रकार सोनागिरी क्षेत्र में एमआईजी बी सेक्टर निवासी संतोष सनोदिया के घर पर आबकारी अमले ने छापा मारा। संतोष के घर से अलग-अलग ब्रांड की तीन पेटियां अवैध शराब की बरामद हुईं। आबकारी अमला अवैध शराब परिवहन को पकड़ने के लिए मुस्तैदी से तैनात है। श्री धाकड़ ने बताया कि हमारी पैनी नजर उन लोगों पर है जो अवैध रूप से घरों में शराब पहुंचा रहे हैं। कल हमने पंचशील नगर से भी मनोज नामक एक व्यक्ति को पकड़ा जिसके पास से 15 देशी शराब के पाव थे। वह घर-घर जाकर लोगों की डिमांड पर उन्हें बेचता था। बैरागढ़ से भी विक्की पिता हीरालाल नामक एक व्यक्ति को पकड़ा गया। आबकारी अमले को उसके पास से 25 देशी शराब के पाव मिले। सहायक आबकारी आयुक्त श्री धाकड़ ने कहा कि हमारा यह अभियान निरंतर जारी है। अवैध शराब की तस्कर और अवैध शराब के परिवहन पर हम रोक लगाने के लिए तत्पर हैं। हमारा आबकारी अमला होटल, ढाबों व रेस्टोरेंटों पर लगातार छापे मार रहा है, जिससे हड़कंप मचा हुआ है। कल रात भी हमने बैरागढ़ क्षेत्र और खजूरी रोड पर कई होटल, रेस्टोरेंट व ढाबों पर अवैध रूप से शराब पीते लोगों को पकड़ा। साथ ही संचालकों व मालिकों पर प्रकरण दर्ज किए गए। सभी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी एक्ट के अधिनियम 1915 की धारा 34 व 36ए , एवं बी के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए।

टिकट अपग्रेडेशन योजना में बड़ा बदलाव

स्लीपर टिकट को अब सेकंड एसी तक मुफ्त अपग्रेड करने की सुविधा शुरू

भोपाल। भारतीय रेलवे ने टिकट अपग्रेडेशन योजना में बड़ा बदलाव करते हुए स्लीपर टिकट को थर्ड एसी की बजाय सीट उपलब्ध होने पर अब सेकंड एसी तक मुफ्त अपग्रेड करने की सुविधा शुरू की है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस योजना का लाभ केवल पूर्ण किराया चुकाने वाले यात्रियों को ही मिलेगा। यानि रियायती टिकटधारकों को यह सुविधा नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही जिन यात्रियों ने लोअर बर्थ की मांग की है, उन्हें यह ध्यान रखना होगा कि अपग्रेडेशन पर बर्थ की गारंटी नहीं होगी। भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि टिकट अपग्रेडेशन की सुविधा उन सभी ट्रेनों में लागू होगी, जिसमें सोने और बैठने दोनों तरह की सीटें हैं। बैठने की सीटों का अपग्रेडेशन का सेकंड सीटिंग यानी 2 एस से शुरू होकर चेयर कार सीसी, एग्जीक्यूटिव चेयर कार ईसी, विस्टाडोम एग्जीक्यूटिव चेयर कार तक होगा। वहीं स्लीपर सीट का टिकट 3 इकोनॉमी, थर्ड एसी, सेकंड एसी तक अपग्रेड किया जा सकेगा। अपग्रेडेशन केवल उन्हीं क्लासों में होगा जो उस ट्रेन में उपलब्ध हैं। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने बताया कि भोपाल मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा और मांग को ध्यान में रखते हुए ट्रेन सेवाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। इसी क्रम में रेल प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ट्रेन संख्या 12197/12198 ग्वालियर-भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस (भोपाल इंटरसिटी) की सेवा को 5 दिन से बढ़ाकर प्रतिदिन कर दिया गया है।

प्रचंड गर्मी से नहीं आंधी और बारिश से नौतपा की शुरूआत

सच प्रतिनिधि || भोपाल

आज सूर्य का रोहणी नक्षत्र में प्रवेश हो गया। इसी के साथ नौतपा की शुरुआत हो जाएगी। माना जाता है कि नौतपा के नौ दिन काफी तेज गर्मी होती है, लेकिन इस बार मई की शुरुआत से ही लगातार बादल, बारिश, आंधी की स्थिति बन रही है। नौतपा के नौ दिन जो ग्रहीय स्थिति रहेगी, उसके अनुसार भी इस बार नौतपा की शुरुआत में तेज बारिश, बादल जैसी स्थिति बन सकती है। आमतौर पर नौतपा में प्रचंड गर्मी रहती है, लेकिन इस बार नौतपा में बहुत ज्यादा तापमान बढे रहने की उम्मीद नहीं है।

वर्षा का गर्भकाल होता है नौतपा

ब्रह्मशक्ति ज्योतिष संस्थान के पं. जगदीश शर्मा का कहना है कि नौतपा का समय वर्षा का गर्भकाल माना जाता है। इस दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में भ्रमणरत होकर बारिश के योग निर्मित करता है। माना जाता है कि नौतपा में जितनी अच्छी गर्मी पड़ती है, भविष्य में बारिश का प्रभाव उतना ही अधिक उत्तम होता है। पंडितों का कहना है कि नौतपा 2 जून तक है। इस दौरान सूर्य रोहणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं। ऐसे में सूर्य की लंबवत किरणें सीधे धरती पर पड़ती है, मप्र से कर्क रेखा भी गुजरती है। इसके कारण नौ दिन तेज गर्मी रहती है। यह नौ दिन तपिश भरे होते हैं, इसलिए इसे नौतपा कहा जाता है।

तूफान शक्ति मचाएगा कहर: मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। इस बीच अरब सागर में शक्ति नाम का एक तूफान आने वाला है। इस तूफान से देश के कई राज्यों में तेज बारिश होगी। मध्य प्रदेश में भी इसका असर देखने को मिलेगा और प्रदेश बारिश से तर हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अरब सागर के पूर्व-मध्य भाग में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। अगले 36 घंटों में यह और भी शक्तिशाली हो सकता है। चक्रवात शक्ति पश्चिमी तट की ओर बढ़ सकता है। इससे मध्य प्रदेश, दक्षिण और पश्चिम भारत के कई राज्यों में आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश होने का अनुमान है।

16 साल बाद समय से पहले डिंडौरी के रास्ते पहुंच रहा मानसून

ऐसा 16 साल बाद हुआ है कि मानसून समय से पहले पहुंच रहा है। मध्य प्रदेश में भी मानसून डिंडौरी के रास्ते पहुंचेगा। प्रदेश में प्री मानसूनी गतिविधियां लगातार जारी हैं। कई जिलों में पानी गिरा। कई इलाकों में आंधी-बारिश का दौर जारी है। मौसम वैज्ञानिकों ने आज प्रदेश के 49 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की चेतावनी जारी की है। इनमें से कई जिलों में वज्रपात भी हो सकता है।

तूफान शक्ति मचाएगा कहर: मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। इस बीच अरब सागर में शक्ति नाम का एक तूफान आने वाला है। इस तूफान से देश के कई राज्यों में तेज बारिश होगी। मध्य प्रदेश में भी इसका असर देखने को मिलेगा और प्रदेश बारिश से तर हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अरब सागर के पूर्व-मध्य भाग में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। अगले 36 घंटों में यह और भी शक्तिशाली हो सकता है। चक्रवात शक्ति पश्चिमी तट की ओर बढ़ सकता है। इससे मध्य प्रदेश, दक्षिण और पश्चिम भारत के कई राज्यों में आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश होने का अनुमान है।

रानी कमलापति-आधारताल एक्सप्रेस में तीन अतिरिक्त कोच जोड़ने का फैसला

व्यवस्था 28 से होगी लागू, अब मिलेगी ज्यादा सीटें, घटेगी वेटिंग

भोपाल। भारतीय रेलवे यात्री की सुविधाओं और आरामदायक यात्रा को लेकर लगातार सेवाओं में बढ़ोतरी कर रहा है। अब यात्रियों के लिए रेलवे स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 22187/22188 रानी कमलापति-आधारताल एक्सप्रेस में तीन अतिरिक्त कोच जोड़ने का फैसला लिया है। यह व्यवस्था 28 मई 2025 से लागू होगी और यात्रियों को आरक्षण में बड़ी राहत मिलेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि 28 मई 2025 से दो स्लीपर और एक थर्ड एसी कोच इस ट्रेन में जोड़े जाएंगे। इससे ट्रेन में कुल कोचों की संख्या बढ़कर 23 हो जाएगी। इसी दिन से यह व्यवस्था प्रभावी होगी। यह व्यवस्था यात्रियों की सुविधा और सीट उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। गर्मियों में ट्रेन की डिमांड बढ़ती है, ऐसे में अतिरिक्त कोच यात्रियों को बड़ी राहत देंगे।

थर्ड एसी और स्लीपर के यात्रियों को मिलेगी राहत: रेल प्रशासन ने विशेष रूप से थर्ड एसी और स्लीपर श्रेणी के यात्रियों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। छुट्टियों में होने वाली अधिक भीड़ के कारण आरक्षण नहीं मिलने की समस्या अब काफी हद तक दूर हो जाएगी।

इन स्टेशनों पर रुकती है यह ट्रेन

यह ट्रेन रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल और जबलपुर होते हुए आधारताल तक जाती है। दोनों दिशाओं में इन सभी स्टेशनों पर इसका नियमित स्टॉपेज है।

कुलियों के साथ सांसद आलोक शर्मा ने सुनी मोदी की मन की बात

भोपाल। रानी कमलापति स्टेशन पर सांसद आलोक शर्मा ने कुलियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी।

मप्र में तबादले को लेकर मारामारी 1.5 लाख से ज्यादा आवेदन आए

सबसे ज्यादा 35 हजार आवेदन स्कूल शिक्षा विभाग के आए ट्रांसफर के लिए

भोपाल। मध्य प्रदेश में तबादले को लेकर मारामारी देखने को मिल रही है। शिक्षा, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग में सबसे अधिक आवेदन आए है। अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। जबकि सिर्फ 50 हजार ट्रांसफर होना है। ऐसे में तबादलों की तारीख को आगे बढ़ाया जा सकता है। प्रदेश में नई तबादला नीति के मुताबिक 31 मई तक ट्रांसफर होंगे। 1 मई से 24 मई के बीच 1.5 लाख से ज्यादा आवेदन आए हैं, जिनमें 50 हजार होना है। इसकी वजह पिछले तीन सालों से ट्रांसफर पर प्रतिबंध था। सबसे ज्यादा ट्रांसफर की मारामारी स्कूल शिक्षा विभाग में है, जहां 35 हजार आवेदन आए हैं। राजस्व में 8 हजार और स्वास्थ्य में 4 हजार से ज्यादा तबादलों के आवेदन आए हैं। इन सबके बीच सरकार तबादलों की तारीख एक सप्ताह तक बढ़ाने पर भी विचार कर रही है।

तबादले में विधायकों की सहमति अहम: क्षेत्र के ट्रांसफर में विधायकों की सहमति को विभागीय मंत्री द्वारा ज्यादा तरजीह दी जा रही है। इसमें प्रयास यह है कि विधायकों की नाराजगी मोल न ली जाए। इसमें बीजेपी और कांग्रेस दोनों के विधायकों की सहमति को तवज्जो है।

जिला शिक्षा समन्वक को फसाने के लिए राजनीतिक षड्यंत्र

सच प्रतिनिधि || भोपाल

राजधानी के कुछ अधिकारियों पर राजनीतिक षड्यंत्र के तहत दबाव बनाया जाता है और जब वह उस दबाव में नहीं फंसते तो उन पर ऐसा आरोप लगता है जिसे सुनकर कोई भी व्यक्ति आश्चर्य में पड़ जाता है, ऐसा ही एक मामला जिला शिक्षा समन्वयक अधिकारी पर उसके एक कनिष्ठ अधिकारी ने लगाया जिसमें वह फोन पर रिश्वत मांग रहे हैं, जबकि इस मामले पर स्वयं ही यह सवाल खड़ा होता है की कोई व्यक्ति फोन पर पैसा कैसे मांग सकता है और जो फोन पर बातचीत हो रही है उसमें जिन लोगों का वर्णन किया जाता है वह लोग स्वयं इसी स्टाफ के कर्मचारी हैं और जिस संबंध की बात की जा रही है वह एक भुगतान का मामला है जो जिला पंचायत से संबंधित है मगर जिला पंचायत के कुछ सदस्यों में से तूल देकर मामले को सोशल मीडिया के हवाले कर दिया अब जांच के बाद वास्तविकता का खुलासा होगा। जिला शिक्षा

जांच में होगा बड़ा खुलासा

संवयक ओपी शर्मा के ऊपर उनके एक कर्मचारी ने एक रिकॉर्डिंग वायरस की जिसमें वह कुछ पैसों का जिक्र करते हैं वह मामला जिला पंचायत की बैठक में कुछ खर्च को लेकर है जिसको चेक द्वारा भुगतान किया गया था मगर वह पैसा विधिवत संबंधित तक नहीं पहुंचा उसको लेकर ओपी शर्मा ने कथित अधिकारी को निर्देशित किया कि वे तत्काल वह पैसा जिला पंचायत सीईओ के निज सहायक को पहुंचा दे, और फिर उस बातचीत को वायरल कर दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार इस पहन के पीछे वह जिला पंचायत सदस्य हैं जो की अधिकारियों पर दबाव बनाकर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल होते ही जिला पंचायत सदस्यों ने जांच की मांग कर डाली, और मामले को भयंकर तूल दिया।

इसी प्रकार अन्य विभागों के अधिकारियों पर भी राजनीतिक दबाव बनाया जाता है पूर्व जिला पंचायत सीईओ जो वर्तमान में देवास कलेक्टर है उन पर भी गंभीर आरोप लगाए। खबर है कि जिस अधिकारी ने डीपीसी पर जिस प्रकार के आरोप लगाए हैं इसका कारण यह है कि उसकी सर्विस स्वयं जांच के घेरे में हैं और उसने राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करने के लिए इस प्रकार का हथकंडा अपनाया है जो अब जांच में स्पष्ट होगा।

वेटिंग लिस्ट हुई क्लियर

950 लोगों को और मिला हज पर जाने का मौका

सच प्रतिनिधि || भोपाल

हज की तमन्ना रखने वाले लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है जिसमें मध्य प्रदेश हज कमेटी की ओर से 950 हज यात्रियों को और मौका मिल गया है सेंट्रल हज कमिटी आफ इंडिया ने वेटिंग लिस्ट कलियर की है यह लोग मुंबई एम्बारकेशन पॉइंट से रवाना होंगे। 30 मई तक कुछ और लोगो को वेटिंग लिस्ट क्लियर हो सकती है।

मध्य प्रदेश हज कमेटी के अनुसार सेंट्रल हज कमेटी ने अन्य राज्यों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के भी 950 वेटिंग हज यात्रियों की वेटिंग लिस्ट कलियर की है। इन लोगों को तत्काल सूचना दी जा रही है और इसके लिए मध्य प्रदेश हज कमेटी के कॉल सेंटर पर कर्मचारी तैनात हैं जो अपनी कार्यवाही पूरी करके तत्काल मुंबई रवाना होंगे और मुंबई में मध्य प्रदेश हज कमेटी का एक अमला मौजूद है जो हज यात्रियों को रवाना कर रहा है। मध्य प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी के अनुसार उम्मीद की जा रही है कि 30 मई तक कुछ और लोगों को मौका मिल सकता है इसलिए लोग सतर्क रहें किसी को भी अंतिम समय तक मदीना के दीदार का मौका मिल सकता है।

मुस्लिम नेता रहे निष्क्रिय

परंपरा अनुसार हर वर्ष हज यात्रा के दौरान अपनी राजनीति चमकाने वाले अनेक गुटों में शामिल मुस्लिम नेता इस बार सक्रिय नहीं रहे, हर वर्ष हज हाउस में, उससे पहले ताजुल मस्जिद में, उससे पहले मुंबई और दिल्ली हज हाउस में, उससे पहले हज हाउस को लेकर मुस्लिम राजनीतिक अपने आंखों के साथ सक्रिय नजर आते थे और हज यात्रियों की सेवा करने का बहाना बनाकर अपनी राजनीति चमकाने के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग शहर में लगते थे और हज हाउस और ताजुल मसाजिद में यह लोग जमावड़ा डालते थे, अगर अगर हज कमेटी द्वारा किसी मुस्लिम नेता के कार्य करता का पास नहीं बनता था तो उसे पर राजनीति होती थी एयरपोर्ट पर अंदर घुसने के लिए बड़ी-बड़ी बयान बाजी होती थी मगर इस बार कोई भी नजर नहीं आया। हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्री हसरत भरी निगाहों से इन मुस्लिम नेताओं को देखते रहे और इन लोगों की विदाई में नहीं आने पर उनकी राजनीतिक मजबूरी को समझते रहे क्योंकि यह लोग दूसरी राजनीति चमकाने में लगे थे। इस घटनाक्रम को लगभग 30 साल से करीब से जानने वाले लोगों का कहना है कि हज यात्रियों की सेवा करना राजनीतिकों का मकसद नहीं था वह एक राजनीतिक स्टंट है जब खत्म हो गया क्योंकि अभी नजदीक में चुनाव नहीं।

सच मीडिया पब्लिकेशन प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक/संपादक सिकंदर अहमद द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल, 462023 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्लॉट नं. 192, एवीएन टॉवर, जोन-1, एम.पी. नगर भोपाल-462011 से प्रकाशित।
सलाहकार सम्पादक : अशोक तरंगी, प्रबंध संपादक : उज़मा सिकंदर। समाचार संपादक : चरण सिंह चौहान * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। आर.एन.आई. रजि. MPHIN/2012/42117, डाक पंजीयन म.प्र./भोपाल/4-460/2024-26, Mail-ID sachexpress013@gmail.com फोन नं. :- 0755-4212853